नई दिल्ली, 25 मई, 2022 दैनिक जागरण

वाद-विवाद में हिमांशी, निबंध में ऋचा रही अव्वल

संवाद सूत्र, औरंगाबाद : क्षेत्र के अमरसिंह पीजी कालेज लखावटी में मंगलवार को दो दिवसीय वार्षिक साहित्यक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डॉक्टर राजेन्द्र कुमार ने माँ सरस्वती चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। निबंध लेखन में ऋचा और वाद विवाद में हिमांशी अव्वल रही। कार्यक्रम समन्वयक डॉ, एसके जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, कहा कि सभी प्रतियोगिताओ में छात्र छात्राओं को अधिक से अधिक भागीदारी करनी चाहिये। जिससे आगे चलकर किसी भी मंच को साझा किया जा सके। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में निबंध लेखन, वाद विवाद, मस्कट डिज़ाइन, एक्सटेंपोर प्रतियोगिता होंगी। महोत्सव के पहले दिन निबंध प्रतियोगिता में ऋचा शर्मा प्रथम, प्रखर यादव दूसरे व दीपांशु तीसरे स्थान पर रहे। सांत्वना के रूप में उदय शंकर मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ चुना गया। जबकि वाद विवाद प्रतियोगिता में हिमांशी शर्मा प्रथम, सुधांशु त्रिवेदी द्वितीय औरर संदेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे। कुलदीप कुमार का नाम सर्वश्रेष्ठ में चुना गया। कार्यक्रम में डा. बीके प्रसाद, डा. सोफिया खान, डा.संदीप चौहान मौजूद रहे।

सेवा भारती के अध्यक्ष ब्रजेश नांगल, मंत्री बने भूपेन्द्र सिंह

संवाद सूत्र, अनूपशहर : सेवा भारती की जिला बैठक का आयोजन कर विभिन्न सामाजिक कार्य पर चर्चा की गई, ब्रजेश नांगल को नगर अध्यक्ष तथा भूपेन्द्र सिंह को मंत्री बनाया गया। नगर के श्री कांति प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में सेवा भारती की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अनूपशहर, नरोरा, डिबाई, जहांगीराबाद नगर व खंड के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का शुभारंभ अतिथियों ने दीप जलाकर किया। बैठक में प्रांतीय कमेटी के सदस्य प्यारे लाल का मार्ग दर्शन मिला, उन्होंने कहा कि सेवा भारती के कार्यकर्ताओं को गरीबों की बस्ती में सेवा करना अनिवार्य है। हम सेवा के माध्यम से कई प्रकल्प चला सकते है। जैसे सामाजिक समरसता, कोचिंग सेंटर, संस्कार केन्द्र एवं सत्संग केन्द्र चलाकर लोगों को जागरूक कर सकते है। विभाग संगठन मंत्री सुधीर चौधरी ने कहा कि हम सभी का दायित्व है, कि शासन की ओर से आने वाली योजनाओं के बारे में लाभार्थियों को बताएं। इस मौके पर नगर व खंड कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ब्रजेश नांगल अध्यक्ष, भूपेन्द्र सिंह मंत्री डिबाई में गगन मित्तल अध्यक्ष, राहुल चौधरी मंत्री जहांगीराबाद में संदीप शर्मा अध्यक्ष, विवेक अग्रवाल मंत्री के नाम की घोषणा की गई। बैठक में खानचंद शर्मा, सुनील गुप्ता, सुभाष चंद शर्मा, विजय शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, नितेश सैनी, अमरनाथ राय, रामपाल सिंह, भुवनेश वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।